

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण
करेंट अफेयर्स
WITH STATIC G.K
अलार्म वाली क्लास
DAILY
NEWS
करेंट अफेयर्स
WITH
STATIC GK
NEWS
अलार्म वाली क्लास
EPISODE
591
LIVE
16-07-2026
06:00AM

# Daily Current Affairs
# +
# Important Static Facts
# 16 JULY 2026

## Home Work Question

**Q.** उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ को निम्नलिखित में से कौन सा वाद्य यंत्र बजाने के लिए जाना जाता है? **Ustad Bismillah Khan is known for playing which of the following musical instruments?**

**a.** तंबुरा **Tambura**

**b.** सितार **Sitar**

**c.** सरोद **Sarod**

**d.** शहनाई **Shehnai**

# 15 JULY 2026 Revision

**Q.1:** हाल ही में दिल्ली सरकार की 'महिला समृद्धि योजना' का नाम बदलकर क्या रखा गया है? **What is the new name of the Delhi Government's 'Mahila Samriddhi Yojana'?**

a) दिल्ली लक्ष्मी योजना **Delhi Lakshmi Yojana**

b) दिल्ली नारी सम्मान योजना **Delhi Nari Samman Yojana**

c) दिल्ली शक्ति योजना Delhi Shakti Yojana

d) दिल्ली महिला विकास योजना Delhi Mahila Vikas Yojana

Q. 2: हाल ही में जारी ITTF पुरुष युगल विश्व रैंकिंग में विश्व नंबर-2 स्थान किसने हासिल किया है? Who has achieved the World No. 2 position in the latest ITTF Men's Doubles World Rankings?

a) शरत कमल और जी. साथियान Sharath Kamal and G. Sathiyan

**b)** जी. साथियान और मानुष शाह **G. Sathiyan and Manush Shah**

**c)** हरमीत देसाई और मानव ठक्कर **Harmeet Desai and Manav Thakkar**

**d)** मानव ठक्कर और मानुष शाह **Manav Thakkar and Manush Shah**

**Q. 3:** हाल ही में अंतरिक्ष वेंचर कैपिटल फंड से पहला निवेश जारी किया गया है। सही कथन चुनिए। **Recently, the first investment has been made**

under the Space Venture Capital Fund. Choose the correct statement.

a) स्काईरूट एयरोस्पेस को ₹100 करोड़ का निवेश दिया गया है। Skyroot Aerospace has received an investment of ₹100 crore.

b) ध्रुव स्पेस को ₹60 करोड़ का निवेश दिया गया है। Dhruva Space has received an investment of ₹60 crore.

c) अग्निकुल कॉसमॉस को ₹75 करोड़ का निवेश दिया गया है। Agnikul Cosmos has received an investment of ₹75 crore.

d) पिक्सेल को ₹50 करोड़ का निवेश दिया गया है। Pixxel has received an investment of ₹50 crore.

**Q. 4: हाल ही मे भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद मे 2028–29 के लिए अस्थायी सदस्यता हेतु कौन-सा अभियान शुरू किया है? Which campaign has India recently launched for its candidature as a non-permanent member of the UN Security Council for 2028–29?**

**a) विश्व मित्र अभियान Vishva Mitra Campaign**
**b) शांति अभियान SHANTI Campaign**
**c) वैश्विक सहयोग अभियान Global Cooperation Campaign**

d) भारत नेतृत्व अभियान **Bharat Leadership Campaign**

**Q. 5:** हाल ही में उत्तराखंड ने राज्य की पहली भौगोलिक संकेतक **(GI)** उत्पाद गैलरी का उद्घाटन कहाँ किया है? **Where has Uttarakhand inaugurated the state's first Geographical Indication (GI) Product Gallery?**

**a) हरिद्वार Haridwar**

**b) देहरादून Dehradun**

**c) नैनीताल Nainital**

**d) हल्द्वानी Haldwani**

**Q. 6: हाल ही में एक घंटे में 3.61 लाख पौधे लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कहाँ बनाया गया है? Where was a Guinness World Record created recently by planting 3.61 lakh saplings in one hour?**

a) जयपुर **Jaipur**

b) भोपाल **Bhopal**

c) अहमदाबाद **Ahmedabad**

d) लखनऊ **Lucknow**

**Q. 7:** हाल ही में किस भारतीय नौसेना जहाज ने ग्रैंड परेड ऑफ सेल्स में भाग लिया है? **Which Indian Navy ship recently participated in the Grand Parade of Sails?**

a) आईएनएस तरंगिणी **INS Tarangini**

b) आईएनएस सुदर्शिनी **INS Sudarshini**

c) आईएनएस शिवालिक **INS Shivalik**

d) आईएनएस विक्रांत **INS Vikrant**

**Q. 8:** हाल ही में किस राज्य के ऊंझा जीरा और सौंफ को भौगोलिक संकेतक **(GI)** टैग प्रदान किया गया है? **Unjha Cumin and Fennel from which state have**

**recently been granted the Geographical Indication (GI) tag?**

**a)** राजस्थान **Rajasthan**

**b)** मध्य प्रदेश **Madhya Pradesh**

**c)** गुजरात **Gujarat**

**d)** हरियाणा **Haryana**

**Q. 9:** हाल ही मे भारतीय रेलवे की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए कौन-सा पोर्टल लॉन्च किया गया है? **Which portal has recently been launched for the land acquisition process of Indian Railways?**

**a)** रेल संपदा पोर्टल **Rail Sampada Portal**

**b)** रेल भूमि पोर्टल **Rail Bhoomi Portal**

**c)** भूमि मित्र पोर्टल **Bhoomi Mitra Portal**

**d)** भूमि शक्ति पोर्टल **Bhoomi Shakti Portal**

**Q. 10:** हाल ही मे भारत के पहले सरकार-प्रेरित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा कहाँ की गई है? **Where has the establishment of India's first government-backed Artificial Intelligence (AI) University been announced?**

a) महाराष्ट्र **Maharashtra**

b) तेलंगाना **Telangana**

c) तमिलनाडु **Tamil Nadu**

d) कर्नाटक **Karnataka**

**Q. 11: हाल ही मे किस केंद्र शासित प्रदेश सरकार ने कुष्ठ रोग को तत्काल प्रभाव से अधिसूचित रोग घोषित किया है?**

**Which Union Territory government has recently declared leprosy a notifiable disease with immediate effect?**

a) चंडीगढ़ **Chandigarh**

b) लद्दाख **Ladakh**

c) जम्मू-कश्मीर **Jammu & Kashmir**

d) पुडुचेरी Puducherry

**Q. 12:** हाल ही मे किस राज्य सरकार ने हेली पर्यटन एव हवाई पर्यटन सेवा योजना शुरू की है? **Which state government has recently launched the Heli Tourism and Air Tourism Service Scheme?**

a) उत्तर प्रदेश **Uttar Pradesh**
b) बिहार **Bihar**
c) झारखंड **Jharkhand**
d) मध्य प्रदेश **Madhya Pradesh**

**Q. 13:** हाल ही मे लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड मे आयोजित पहला महिला टेस्ट मैच किसने जीता है? **Who won the first Women's Test match held at Lord's Cricket Ground recently?**

a) इंग्लैंड **England**
b) दक्षिण अफ्रीका **South Africa**
c) ऑस्ट्रेलिया **Australia**
d) भारत **India**

**Q. 14:** हाल ही में 12वीं ब्रिक्स श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक कहाँ आयोजित की जाएगी? **Where will the 12th BRICS Labour and Employment Ministers' Meeting be held?**

a) नई दिल्ली **New Delhi**
b) मुंबई **Mumbai**
c) हैदराबाद **Hyderabad**
d) बेंगलुरु **Bengaluru**

**Q. 15:** हाल ही में 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 के लिए किस शुभंकर का अनावरण किया गया?
**Which mascot has been unveiled for the 22nd Commonwealth Table Tennis Championships 2026?**

a) मयूर **Mayur**
b) गज **Gaj**
c) मृग **Mrig**

d) सिंह Singh

16 JULY

**Q.1:** हाल ही में देश की पहली 'स्पेस एक्सप्लोरेशन गैलरी' (अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा) का उद्घाटन कहाँ किया गया है?
**Where has India's first 'Space Exploration Gallery' been inaugurated recently?**

a) बेंगलुरु **Bengaluru**
b) हैदराबाद **Hyderabad**
c) भोपाल **Bhopal**

**d)** अहमदाबाद **Ahmedabad**


डिजिटल माध्यमों से छात्रों
देश की पहली
'अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा
प्रमुख उद्देश्य:
आधुनिक तकनीक और डिनिटल माध्यमों से छात्रों और जनसामान्य के वीच अंतरिक्ष विज्ञान, STEM शिक्षा और और वैज्ञानिक सोव को बढ़ावा देना।
गैलरी की विशेषताएं:
स्पेस वॉक अनुभव,
फ्लाइट सिम्युलेटर,
3-D सतह (चंद्रमा और मंगल)
डॉ. मोहन यादव
सहयोग:
NCSM) द्वारा विकसित

**Answer: c) भोपाल Bhopal**

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने **14** जुलाई **2026** को भोपाल के क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र में देश की पहली 'स्पेस एक्सप्लोरेशन गैलरी' (अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा **Space Exploration Gallery)** का उद्घाटन किया।

उद्देश्य: आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों से छात्रों और आम जनता के बीच अंतरिक्ष विज्ञान, स्टेम **(STEM)**

शिक्षा और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना।

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद **(National Council of Science Museums (NCSM)** द्वारा विकसित इस गैलरी में मुंबई के नेहरू विज्ञान केंद्र **(Nehru Science Centre in Mumbai)** ने तकनीकी सहायता प्रदान की है। आगंतुक स्पेस वॉक, फ्लाइट सिम्युलेटर का अनुभव लेने के साथ ही चंद्रमा और मंगल ग्रह की त्रि-आयामी **(3-D)** सतह को देख सकते हैं।

**Q. 2:** हाल ही में 'द वॉयस ऑफ जस्टिस: जस्टिस गवई स्पीक्स' का विमोचन किसने किया है? **Who has recently released the book 'The Voice of Justice: Justice Gavai Speaks'?**

a) द्रौपदी मुर्मू **Droupadi Murmu**

b) सी. पी. राधाकृष्णन **C. P. Radhakrishnan**

c) नरेंद्र मोदी **Narendra Modi**

d) बी. आर. गवई B. R. Gawai


पुस्तक विमोचन समारोह:
‘द वॉयस ऑफ जस्टिस: जस्टिस गवई स्पीक्स’
विमोचनकर्ता : माननीय उपराष्ट्रपति, श्री सी. पी. राधाकृष्णन
पुस्तक: माननीय व्यधमूति बी. आर. गवई के भाषणों का संकलन
दिनांक : 14 जुलाई 2026
नई दिल्ली
सत्यमेव जयते
JUSTICE B. R. GAVAI
(former CJI)
SHRI C. P. RADHAKISHNAN

**Answer: b) सी. पी. राधाकृष्णन C. P. Radhakrishnan**

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में 'द वॉयस ऑफ जस्टिस: जस्टिस गवई स्पीक्स' (The Voice of Justice: Justice Gavai Speaks) पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति बी. आर. गवई के विभिन्न भाषणों और विचारों का संकलन है।

**Q. 3:** हाल ही में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार **'सौश्रुतम् 2026'** का उद्घाटन किसने किया है? **Who has recently inaugurated the international seminar 'Soushrutam 2026'?**

**a)** जे. पी. नड्डा **J P Nadda**

**b)** जगदीप धनखड़ **Jagdeep Dhankhar**

**c)** अमित शाह **Amit Shah**

**d)** द्रौपदी मुर्मू **Droupadi Murmu**

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण करेंट अफेयर्स WITH STATIC G.K अलार्म वाली क्लास



**Answer: d) द्रौपदी मुर्मू Droupadi Murmu**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने **15** जुलाई **2026** को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान **(All India Institute of Ayurveda (AIIA) in New Delhi)** में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'सौश्रुतम् **2026'** **(international seminar 'Saushrutam 2026')** का उद्घाटन किया।

सुश्रुत जयंती के अवसर पर आयोजित इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद और आधुनिक शल्य चिकित्सा (सर्जरी) का एकीकरण करना है।

संस्थान में **₹14.5** करोड़ की लागत से स्थापित अत्याधुनिक **3-टेस्ला** हाई-फील्ड एमआरआई प्रणाली **(3-Tesla high-field MRI system)** का भी उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर एनसीआईएसएम **(NCISM)** द्वारा तैयार "आयुर्वेद महिला स्नातकों के पेशेवर करियर का मूल्यांकन **(Assessment of Professional Career of**

**Ayurveda Women Graduates)"** विषयक राष्ट्रीय अध्ययन जारी किया गया।

**Q. 4:** हाल ही में पुरातत्वविदों ने करीब **3,000** साल पुराना मकबरा कहाँ खोजा है? **Where have archaeologists recently discovered a nearly 3,000-year-old tomb?**

a) मिस्र Egypt
b) ग्रीस Greece
c) इटली Italy
d) तुर्की Türkiye

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण

करेंट अफेयर्स
WITH STATIC G.K

अलार्म वाली क्लास

# लक्सर, मिस्र में 3,000 साल पुराने ‘पासेर’ (Paser) के मकबरे की खोज



**Answer: a) मिस्र Egypt**

मिस्र के लक्सर **(Luxor, Egypt)** शहर में पुरातत्वविदों ने करीब **3,000** साल पुराना फराओ युग का एक मकबरा **(pharaonic tomb)** खोजा है। यह मकबरा 'पासेर' **(Paser)** नामक एक वरिष्ठ अधिकारी का माना जा रहा है।

इसमें 'टी' **(T)** आकार का रॉक-कट चैपल **(T-shaped rock-cut chapel)** और रंगीन भित्ति चित्र मौजूद हैं, जो प्राचीन मिस्र के सामाजिक और धार्मिक जीवन को दर्शाते हैं। यह मकबरा लक्सर के पश्चिमी तट पर स्थित 'शेख अब्द

अल-कुरना' (Sheikh Abd el-Qurna necropolis) नेक्रोपोलिस में मिला है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह मकबरा न्यू किंगडम काल (1550 ईसा पूर्व से 1069 ईसा पूर्व) के रामेसिड (Ramesside) काल का है। मकबरे के प्रवेश द्वार के बाद एक खुला प्रांगण है। इसके बाद चट्टान को काटकर बनाया गया एक 'T' आकार का चैपल है, और इसके नीचे दफन कक्ष (burial chambers) बनाए गए हैं।

दीवारों पर उकेरे गए शिलालेखों में 'पासेर' नाम का उल्लेख है।यह पुरातात्विक खोज नीदरलैंड की लीडेन यूनिवर्सिटी **(Leiden University)** के एक डच मिशन द्वारा की गई है।

**Q. 5:** हाल ही में दुबारा खोजा गया **"सियानैंथस हूकेरी"** क्या है? **What is the recently rediscovered "Cyananthus hookeri"?**

**a)** औषधीय पौधा **Medicinal plant**

b) दुर्लभ पक्षी **Rare bird**

c) दुर्लभ हिमालयी पुष्प **Rare Himalayan flower**

d) पर्वतीय तितली **Mountain butterfly**

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण

करेंट अफेयर्स WITH STATIC G.K

अलार्म वाली क्लास

# वैज्ञानिकों द्वारा दुर्लभ हिमालयी पुष्प 'सियानैथस हूकेरी' (Cyananthus hookeri) की पुन: खोज

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (BSI) के वैज्ञानिकों द्वारा पुन: खोज

- **स्थान:** चूना घाटी, मागो गाँव, तवांग, अरुणाचल प्रदेश




**ऐतिहासिक महत्व:** अंतिम बार 1867 में सर जोसेफ डाल्टन हूकर द्वारा सिक्किम में दर्ज

**ऊँचाई:** ~3,600 मीटर (11,800 फीट)

**वानस्पतिक विशेषताएँ:** बौना, गुच्छेदार अल्पाइन शाक (बेलफ्लावर कुल)

- आकर्षक बैंगनी-नीले फूल

**IUCN स्थिति:** लुप्तप्राय (Endangered) श्रेणी में रखने की सिफारिश

**कारण:** क्षेत्र में 50 से कम परिपक्व पौधे

**Answer: c) दुर्लभ हिमालयी पुष्प Rare Himalayan flower**

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण **(Botanical Survey of India – BSI)** के वैज्ञानिकों ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले के मागो गाँव के निकट चूना घाटी में दुर्लभ हिमालयी पुष्प **(Rare Himalayan Flower)** सियानैंथस हूकेरी **(Cyananthus hookeri)** को दोबारा खोजा है।

यह फूल लगभग **3,600** मीटर की ऊँचाई पर उगता है। भारत में इसे अंतिम बार **1867** में ब्रिटिश वनस्पतिशास्त्री

(British Botanist) सर जोसेफ डाल्टन हूकर (Sir Joseph Dalton Hooker) ने सिक्किम में दर्ज किया था।

सियानैंथस हूकेरी (Cyananthus hookeri) बेलफ्लावर कुल (Bellflower Family – Campanulaceae) का एक छोटा, बौना (Dwarf) और गुच्छेदार अल्पाइन शाकीय पौधा (Tuft-forming Alpine Herb) है, जो अपने आकर्षक बैंगनी-नीले (Purple-blue) फूलों के लिए जाना जाता है।

वैज्ञानिकों ने इस क्षेत्र में इसके **50** से भी कम परिपक्व पौधे पाए हैं। इसलिए शोधकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ **(International Union for Conservation of Nature – IUCN)** के दिशा-निर्देशों के अनुसार इसे लुप्तप्राय **(Endangered)** श्रेणी में रखने की सिफारिश की है।

**Q. 6:** सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष रोस्टर लागू किया गया है। सही कथन चुनिए। **A special roster has been introduced in the Supreme Court for the speedy disposal of long-pending cases. Choose the correct statement.**

**a)** इसके तहत दो विशेष पीठों का गठन किया गया है। **Two special benches have been constituted under it.**

b) इसके तहत चार विशेष पीठों का गठन किया गया है। **Four special benches have been constituted under it.**

c) इसके तहत छह विशेष पीठों का गठन किया गया है। **Six special benches have been constituted under it.**

d) इसके तहत आठ विशेष पीठों का गठन किया गया है। **Eight special benches have been constituted under it.**

# उच्चतम न्यायालय: लंबित पुराने मामलों के शीघ्र निपटारे हेतु विशेष रोस्टर

## दीवानी मामले: पीठ 1

न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा | न्यायमूर्ति एस. वी. ए. एन. भट्टी

केवल सबसे पुराने दीवानी मामलों की सुनवाई

## दीवानी मामले: पीठ 2

न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा | न्यायमूर्ति एस. वी. ए. एन. भट्टी

केवल सबसे पुराने दीवानी मामलों की सुनवाई

## आपराधिक मामले: पीठ 3

न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा | न्यायमूर्ति उज्जल भुइयाँ

सबसे पुराने आपराधिक मामलों की सुनवाई

## आपराधिक मामले: पीठ 4

न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा | न्यायमूर्ति उज्जल भुइयाँ

सबसे पुराने आपराधिक मामलों की सुनवाई

## विशेष पीठों के कार्य दिवस

Tuesday, Wedneday, Thursday

गैर-विविध दिवस (Non-Miscellaneous Days) पर कार्य

## लंबित मामलों का डेटा

- कुल लंबित मामले: 96,045
- दीवानी मामले: 74,244
- आपराधिक मामले: 21,801

## अत्यंत पुराने मामले

- 30+ वर्ष से लंबित दीवानी मामले: 24
- 30+ वर्ष से लंबित आपराधिक मामले: 2
- सबसे पुराना दीवानी मामला: 1986 से
- सबसे पुराना आपराधिक मामला: 1991 से

**Answer:** b) इसके तहत चार विशेष पीठों का गठन किया गया है। **Four special benches have been constituted under it.**

भारत के मुख्य न्यायाधीश **(Chief Justice of India – CJI)** न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से लंबित **(Pending)** मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए एक विशेष रोस्टर **(Special Roster)** लागू किया है। इसके तहत चार विशेष पीठों **(Special Benches)** का गठन किया गया है, जो केवल सबसे पुराने दीवानी **(Civil)** और आपराधिक **(Criminal)** मामलों की सुनवाई करेंगी।

न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति एस. वी. एन. भट्टी की अध्यक्षता वाली दो द्वि-न्यायाधीशीय पीठें **(Two Division Benches)** केवल सबसे पुराने दीवानी मामलों की सुनवाई करेंगी। वहीं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयाँ की अध्यक्षता वाली दो अन्य पीठें सबसे पुराने आपराधिक मामलों पर कार्य करेंगी।

ये विशेष पीठें गैर-विविध दिवस **(Non-Miscellaneous Days)** अर्थात मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को कार्य करेंगी। वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में **96,045** मामले

लंबित है, जिनमें **74,244** दीवानी मामले और **21,801** आपराधिक मामले शामिल हैं।

इन लंबित मामलों में **24** दीवानी मामले और **2** आपराधिक मामले ऐसे हैं, जो **30** वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। सबसे पुराना दीवानी मामला **1986** से तथा सबसे पुराना आपराधिक मामला **1991** से लंबित है।

**Q. 7:** हाल ही में विश्व युवा कौशल दिवस **2026** कब मनाया गया है? **When was World Youth Skills Day 2026 observed?**

a) 12 जुलाई 12 July

b) 13 जुलाई 13 July

c) 14 जुलाई 14 July

d) 15 जुलाई 15 July

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण

करेंट अफेयर्स WITH STATIC G.K

# अलार्म वाली क्लास




Empowering Youth, Building the Future

युवाओं को सशक्त बनाना, भविष्य का निर्माण करना

**Answer: d) 15 जुलाई 15 July**

विश्व युवा कौशल दिवस **(World Youth Skills Day)** प्रत्येक वर्ष **15** जुलाई को मनाया जाता है।

उद्देश्य: युवाओं को रोज़गार **(Employment)**, सम्मानजनक कार्य **(Decent Work)** तथा उद्यमिता **(Entrepreneurship)** के लिए व्यावहारिक **(Practical)** और भविष्य-उन्मुख कौशल **(Future-ready Skills)** से सशक्त बनाने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना

इस दिवस की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा **(United Nations General Assembly – UNGA)** ने **वर्ष 2014 में** की थी। यह दिवस तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था **(Economy)** में व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण **(Technical and Vocational Education and Training – TVET)**, कैरियर तैयारी **(Career Readiness)** तथा युवा रोजगार **(Youth Employment)** को बढ़ावा देने पर विशेष बल देता है।

विश्व युवा कौशल दिवस 2026 की थीम: "साझा भविष्य के लिए कौशल (Skills for a Shared Future)"

**Q. 8:** हाल ही में जियो प्लेटफॉर्म्स का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किसे नियुक्त किया गया है? **Who has recently been appointed as the new Chief Executive Officer (CEO) of Jio Platforms?**

a) आकाश अंबानी **Akash Ambani**

b) पंकज पवार **Pankaj Pawar**

c) संदीप दास **Sandeep Das**

d) किरण थॉमस **Kiran Thomas**

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण
करेंट अफेयर्स WITH STATIC G.K
अलार्म वाली क्लास

# जियो प्लेटफॉर्म्स (Jio Platforms) ने की बड़ी घोषणा

## नेतृत्व में बदलाव



**किरण थॉमस**
निवर्तमान सीईओ

**पंकज पवार**
नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)



Jio Platforms

## प्रमुख नियुक्तियां एवं तथ्य

### पंकज पवार

- नए सीईओ, जियो प्लैतफॉर्प्र्स
- रिलायंस जियो इन्फोकॉम के प्रबंध निदेशक (MD) भी बने रहेंगे

### अतिरिक्त जिम्मेदारियां

- 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रस्तावित IPO
- किरण थॉमस ने 23 मार्च 2026 को इस्तीफा दिया

2026-2026
इस्तीफा दिया इस्तीफा दिया

231-2026
नए मुख्य र्काकारी एवं फततर्फा

**Answer: b) पकज पवार Pankaj Pawar**

जियो प्लेटफॉर्म्स **(Jio Platforms)** ने अपने प्रस्तावित **4** अरब अमेरिकी डॉलर के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम **(Initial Public Offering – IPO)** से पहले पंकज पवार को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी **(CEO)** नियुक्त किया है।

उन्होंने किरण थॉमस  का स्थान लिया है, जिन्होंने **23** मार्च **2026** को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

वह इस के साथ-साथ रिलायंस जियो इन्फोकॉम (Reliance Jio Infocomm) के प्रबंध निदेशक (MD) का पद भी संभालते रहेंगे।

**Q. 9:** हाल ही में पहनने योग्य अमोनिया सेंसर कहाँ विकसित किया गया है? **Where has a wearable ammonia sensor been developed recently?**

**a)** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास **Indian Institute of Technology Madras**

**b) भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु Indian Institute of Science, Bengaluru**

**c) नैनो एवं सॉफ्ट मैटर विज्ञान केंद्र Centre for Nano and Soft Matter Sciences (CeNS)**

**d) वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद Council of Scientific and Industrial Research (CSIR)**

# भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित: लचीला, स्व-संचालित, पहनने योग्य अमोनिया सेंसर



**Answer: c) नैनो एवं सॉफ्ट मैटर विज्ञान केंद्र Centre for Nano and Soft Matter Sciences (CeNS)**

भारतीय वैज्ञानिकों ने **बेंगलुरु स्थित नैनो एवं सॉफ्ट मैटर विज्ञान केंद्र (Centre for Nano and Soft Matter Sciences – CeNS)** में **लचीला, स्व-ऊर्जा संचालित (Self-powered) और पहनने योग्य (Wearable) अमोनिया सेंसर (Ammonia Sensor)** विकसित किया है, जो कमरे के तापमान पर कार्य करता है। यह सेंसर **319** पीपीबी **(Parts Per Billion – ppb)** जितनी कम

अमोनिया सांद्रता **(Concentration)** का भी पता लगा सकता है।

यह उपकरण संकर वैनेडियम ऑक्साइड–वैनेडियम सल्फाइड नैनोसंरचना **(Hybrid Vanadium Oxide–Vanadium Sulfide Nanostructure – VOx/$VS_2$)** पर आधारित है, जिससे यह अमोनिया को प्रभावी ढंग से अवशोषित **(Adsorb)** कर कमरे के तापमान पर कार्य कर सकता है।

यह सेंसर सुरक्षित, चेतावनी और खतरे के स्तरों के अनुसार पर्यावरणीय जोखिम की पहचान कर तुरंत अलर्ट जारी

करता है, जिसके लिए किसी तकनीकी विशेषज्ञता **(Technical Expertise)** की आवश्यकता नहीं होती।

प्रोफेसर अंगप्पने सुब्रमणियन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने इस सेंसर को पाइजोइलेक्ट्रिक नैनोजेनरेटर **(Piezoelectric Nanogenerator)** के साथ जोड़ा है, जो मानव शरीर की दैनिक गतिविधियों से उत्पन्न यांत्रिक ऊर्जा **(Mechanical Energy)** को विदयुत ऊर्जा में बदलकर सेंसर को स्वयं संचालित करता है। इस सेंसर को कागज, पॉलिमर **(Polymer)** और कपड़ा पर सफलतापूर्वक तैयार किया गया

है, जिससे इसे कपड़ों, सुरक्षात्मक उपकरणों **(Protective Gear)** और स्मार्ट बैंड **(Smart Bands)** में आसानी से उपयोग किया जा सकता है।

**Q. 10:** हाल ही में किस राज्य सरकार ने वित्तीय लेखा परीक्षा के डिजिटलीकरण के लिए 'दृष्टि' प्लेटफ़ॉर्म शुरू किया है? **Which state government has recently**

launched the 'Drishti' platform for the digitalization of financial audits?

a) मध्य प्रदेश Madhya Pradesh

b) तेलंगाना Telangana

c) तमिलनाडु Tamil Nadu

d) महाराष्ट्र Maharashtra


सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण
करेंट अफेयर्स
WITH STATIC G.K
अलार्म वाली क्लास
मध्य प्रदेश सरकार: पंचायतों के लिए डिजिटल वित्तीय लेखापरीक्षा
दृष्टि (DRASHTI) – Digital Remote Auditing System for Transparency & Insights
देश की अपनी तरह की पहली पहल
23,000+
Gram Panchayats
दूरस्थ वित्तीय ऑडिट
Remote access to records
तेज़, सरल और पारदर्शी
Efficient process
आय और व्यय अभिलेखों की ऑनलाइन जांच
कंधिन और व्यय अभिलेखों
Online inspection of income and expenditure records
सहयोगी संस्थाएं
पंचायत राज संचालनालय
एनआईसी (NIC)
कैग
कैग (CAG)
के मार्गदर्शन में विकसित
पंचायत दर्पण पोर्टल
नागरिकों के लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा
भुगतान गेटवे
UPI
Debit/Credit Cards
Netbanking
विभिन्न बिलों का भुगतान

**Answer: a) मध्य प्रदेश Madhya Pradesh**

मध्य प्रदेश सरकार ने पंचायतों की वित्तीय लेखा परीक्षा **(Financial Audit)** को पूरी तरह डिजिटल **(Digital)** बनाने के लिए दृष्टि **(DRASHTI – Digital Remote Auditing System for Transparency & Insights)** प्लेटफ़ॉर्म शुरू किया है। यह देश की अपनी तरह की पहली पहल है, जिसके माध्यम से पंचायतों का दूरस्थ वित्तीय ऑडिट **(Remote Financial Audit)** किया जाएगा।

इस प्लेटफ़ॉर्म के जरिए लेखा परीक्षक **(Auditors)** किसी भी पंचायत की आय और व्यय **(Expenditure)** से संबंधित अभिलेख **(Records)** को ऑनलाइन देखकर उनकी जांच कर सकेंगे। इस प्रणाली को पंचायती राज संचालनालय **(Directorate of Panchayati Raj)** ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र **(National Informatics Centre – NIC)** के तकनीकी सहयोग से भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक **(Comptroller and Auditor General of India – CAG)** के मार्गदर्शन में विकसित किया है।

यह प्रणाली राज्य की **23,000** से अधिक ग्राम पंचायतों की वित्तीय लेखा परीक्षा को तेज़, सरल और अधिक पारदर्शी बनाएगी।

इसके साथ ही पंचायत दर्पण पोर्टल **(Panchayat Darpan Portal)** पर भुगतान गेटवे **(Payment Gateway)** भी शुरू किया गया है, जिससे नागरिक ऑनलाइन अपने विभिन्न बिलों का भुगतान कर सकेंगे।

**Q. 11:** हाल ही में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पश्चिम एशिया के संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों के लिए कौन-सी पहल शुरू की है? **Which initiative has Union Minister**

Sarbananda Sonowal launched for conflict-affected regions in West Asia?

a) सागर सुरक्षा पहल Sagar Suraksha Initiative

b) समुद्र मित्र पहल Samudra Mitra Initiative

c) नाविक कल्याण पहल Seafarer Welfare Initiative

d) सीफेयरर-फर्स्ट पहल Seafarer-First Initiative

# ‘सीफेयरर-फर्स्ट’ पहल: पश्चिम एशिया में भारतीय नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु

## केंद्रीय मंत्री: श्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा शुभारंभ






### पहल का उद्देश्य

- पश्चिम एशिया के संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों
- फारस की खाड़ी (Persian Gulf)
- हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz)
- ओमान की खाड़ी (Gulf of Oman)

में कार्यरत भारतीय नाविकों की सुरक्षा सुनिशित करना

- हालिया हमलों (MT अल बहियाह, MT मोम्बासा)

ज एन्री महनाा सान रका तऱा आदश अब्सकते कय याकी आन का तिए

### प्रमुख निर्देश: रीयल-टाइम परिचालन डैशबोर्ड (DG Shipping)

**डैशबोर्ड का उद्देश्य:**
सभी जहाजों पर कार्यरत भारतीय नाविकों की निगरानी

**24×7 समन्वय:**
चौबीसों घंटे सक्रिय
क्षेत्र में भारतीय नाविकों की ट्रैकिंग
हर जहाज की निगरानी




### महत्वपूर्ण विशेषताएँ

- जहाज का ध्वज मायने नहीं रखता
- प्रत्येक भारतीय नाविक की सुरक्षा सर्वोपरि

Ministsry of Ports, Shipping and Waterways
MoPSWJ
Directorate General of Shipping
(DGS), India

**Answer: d) सीफेयरर-फर्स्ट पहल Seafarer-First Initiative**

केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने **'सीफेयरर-फर्स्ट (Seafarer-First)' पहल** की शुरुआत की है।

**उद्देश्य:** पश्चिम एशिया **(West Asia)** के संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों **(Conflict-affected Zones)** जैसे फारस की खाड़ी **(Persian Gulf)**, हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य **(Strait of**

**Hormuz)** तथा ओमान की खाड़ी **(Gulf of Oman)** में कार्यरत भारतीय नाविकों **(Indian Seafarers/Crew Members)** की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

यह पहल व्यापारी जहाजों पर हुए हालिया घातक हमलों, विशेषकर एमटी अल बहियाह **(MT Al Bahiyah)** और एमटी मोम्बासा **(MT Mombasa)** पर हुए हमलों, जिनमें कई भारतीय नाविकों की मृत्यु हुई, के बाद शुरू की गई है।

मंत्री ने बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय को **24×7** समन्वय **(Round-the-clock Coordination)**

सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नौवहन महानिदेशालय **(Directorate General of Shipping – DGS)** को रीयल-टाइम परिचालन डैशबोर्ड **(Real-time Operational Dashboard)** विकसित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि फारस की खाड़ी, हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी में संचालित सभी जहाजों पर कार्यरत प्रत्येक भारतीय नाविक की निगरानी की जा सके, चाहे जहाज किसी भी ध्वज के अंतर्गत पंजीकृत हो।

**Q. 12:** हाल ही में **31वें दिव्य कला मेला** का उद्घाटन कहाँ किया गया है? **Where was the 31st Divya Kala Mela inaugurated recently?**

**a) नई दिल्ली New Delhi**
**b) मुंबई Mumbai**
**c) कोलकाता Kolkata**
**d) चेन्नई Chennai**

# 31वां दिव्य कला मेला

**उद्घाटन: 14 जुलाई 2026**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT

## दिव्यांगजन कारीगरों और उधमियों के लिए हस्तशिल्प और उत्पादों का राष्ट्रीय मंच




### मुख्य तथ्य

- उद्घाटनकर्ता: डॉ. वीरेन्द्र कुमार
- स्थान: रवीन्द्र सदन, कोलकाता
- अवधि: 14 से 22 जुलाई 2026
- स्टॉल्स: लगभग 40 (अधिकांश बंगाल से)
- उद्देश्य: राष्ट्रीय मंच प्रदान करना

आयोजन: केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और पश्चिम बंगाल सरकार की पहली संयुक्त पहल

**Answer: c)** कोलकाता **Kolkata**

**31वें दिव्य कला मेला (Divya Kala Mela)** का उद्घाटन **14** जुलाई **2026** को रवीन्द्र सदन, कोलकाता में किया गया। यह **8** दिवसीय प्रदर्शनी **(Exhibition) 22** जुलाई **2026** तक चलेगी।

उद्देश्य: दिव्यांगजन कारीगरों **(Artisans)** और उद्यमियों **(Entrepreneurs)** को अपने हस्तशिल्प **(Handicrafts)**, कलाकृतियों तथा अन्य उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन **(Marketing)** के लिए राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है।

इस मेले का आयोजन केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के साथ पहली संयुक्त पहल **(First Joint Initiative)** के रूप में किया गया है। मेले में लगभग **40** स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें अधिकांश का संचालन पश्चिम बंगाल के दिव्यांग कारीगरों द्वारा किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का उदघाटन केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने किया।

**Q. 13:** हाल ही में कोडेक्स एलीमेंटेरियस आयोग (CAC) के 49वें सत्र का आयोजन कहाँ किया गया है? **Where was the 49th session of the Codex Alimentarius Commission (CAC) held recently?**

a) जिनेवा **Geneva**
b) रोम **Rome**
c) पेरिस **Paris**
d) वियना **Vienna**

fssai

# कोडेक्स एलीमेंटेरियस आयोग (CAC) का 49वां सत्र (CAC49)

जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड (6-10 जुलाई 2026)

## भारत का ऐतिहासिक नेतृत्व : 7 नए वैश्विक खाद्य मानक और दिशानिर्देश स्वीकृत

### काजू गिरी के लिए नया मानक



- भारत के प्रस्ताव को मंजूरी:
- काजू गिरी के लिए कोडेक्स मानक विकसित किया जाएगा

### अपनाए गए विशिष्ट मानक

- इनके लिए कोडेक्स मानक:

सूखे धनिया बीज

ताज़ी करी पत्तियाँ

बनीला

बड़ी इलायची

### मुख्य दिशानिर्देश और भूमिका

- खाद्य उत्पादन में सुरक्षित जल
- जल के सुरक्षित उपयोग व पुनः उपयोग संबंधी दिशानिर्देशों के परिशिष्ट स्वीकृत
- चिकन मांस में नियंत्रण
- कैंपिलोबैक्टर और साल्मोनेला नियंत्रण के दिशानिर्देश स्वीकृत

**भारत 'नए खाद्य सोत' पर इलेकट्रीनिक कार्य समूह का सह-अध्यक्ष चुना गया**

Answer: a) जिनेवा Geneva

कोडेक्स एलीमेंटेरियस आयोग (Codex Alimentarius Commission – CAC) के 49वें सत्र (49th Session – CAC49) का आयोजन 6 से 10 जुलाई 2026 तक जिनेवा (Geneva), स्विट्ज़रलैंड (Switzerland) में हुआ। इस सत्र में भारत के नेतृत्व में विकसित सात नए खाद्य मानकों एवं दिशानिर्देशों (New Food Standards and Guidelines) को अपनाया गया।

आयोग ने काजू गिरी के लिए कोडेक्स मानक (Codex Standard) विकसित करने संबंधी भारत के प्रस्ताव को भी

मजूरी दी। भारतीय प्रतिनिधिमडल का नेतृत्व भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण **(Food Safety and Standards Authority of India – FSSAI)** के मुख्य कार्यकारी अधिकारी **(CEO)** राजित पुनहानी ने किया।

सत्र के दौरान सूखे धनिया बीज, ताज़ी करी पत्तियाँ, वनीला और बड़ी इलायची के लिए कोडेक्स मानक **(Codex Standards)** अपनाए गए। इसके साथ ही खाद्य उत्पादन एवं प्रसंस्करण **(Food Production and Processing)** में जल के सुरक्षित उपयोग एवं पुनः उपयोग संबंधी दिशानिर्देशों के परिशिष्ट **(Annexes)** तथा चिकन मांस में कैंपिलोबैक्टर **(Campylobacter)** और साल्मोनेला

**(Salmonella)** के नियंत्रण संबंधी दिशानिर्देश भी स्वीकृत किए गए।

भारत को नए खाद्य स्रोत एवं उत्पादन प्रणालियाँ **(New Food Sources and Production Systems – NFPS)** विषय पर गठित इलेक्ट्रॉनिक कार्य समूह **(Electronic Working Group)** का सह-अध्यक्ष भी चुना गया।

**Q. 14:** हाल ही में 'फॉर्च्यून इंडिया एमपीडब्ल्यू पुरस्कार' से किसे सम्मानित किया गया है? **Who has recently been honored with the Fortune India MPW (Most Powerful Women) Award?**

a) किरण मजूमदार-शॉ **Kiran Mazumdar-Shaw**
b) नीता अंबानी **Nita Ambani**
c) फाल्गुनी नायर **Falguni Nayar**
d) रोशनी नाडर **Roshni Nadar**

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण

# करेंट अफेयर्स WITH STATIC G.K

# अलार्म वाली क्लास



**Answer: b) नीता अबानी Nita Ambani**

रिलायंस फाउंडेशन (**Reliance Foundation**) की संस्थापक एवं अध्यक्ष नीता अंबानी को 'फॉर्च्यून इंडिया एमपीडब्ल्यू पुरस्कार (**Fortune India MPW Award**)' से सम्मानित किया गया।

उन्हे फॉर्च्यून इंडिया मोस्ट पावरफुल वुमेन (**Fortune India Most Powerful Women – MPW**) सूची में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उन्हें यह सम्मान मुंबई में आयोजित

फॉर्च्यून इंडिया एमपीडब्ल्यू (**Fortune India MPW**) के **16**वें संस्करण के दौरान प्रदान किया गया।

फॉर्च्यून इंडिया मोस्ट पावरफुल वुमेन (**Fortune India MPW**) की यह वार्षिक रैंकिंग (**Annual Ranking**) भारत की उन प्रेरणादायी महिला नेताओं को सम्मानित करती है, जिन्होंने व्यापार, अर्थव्यवस्था (**Economy**) और सामाजिक विकास (**Social Development**) के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देकर देश की दिशा को प्रभावित किया है।

**Q. 15:** हाल ही में पाँचवीं बिम्सटेक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक कहाँ आयोजित की जाएगी? **Where will the 5th BIMSTEC National Security Advisers' Meeting be held?**

a) ढाका **Dhaka**
b) काठमांडू **Kathmandu**

c) कोलबो Colombo

d) नई दिल्ली New Delhi

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण
करेंट अफेयर्स WITH STATIC G.K
अलार्म वाली क्लास

# पाँचवीं बिम्सटेक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक

**16 जुलाई 2026, नई दिल्ली**

## अध्यक्षता



**अध्यक्ष: श्री अजीत डोभाल**
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, भारत

## मुख्य चर्चा के विषय

- आतंकवाद-रोधी सहयोग
- खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान
- समुद्री सुरक्षा
- सीमा-पार खतरों से समन्वय




बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, थाईलैंड, श्रीलंका

## प्रतिभागिता



Brig. Gen. (Retd.) Dr. A.K.M. Shamsul Islam
बांग्लादेश द्वारा नेतृत्व (बिम्सटेक अध्यक्ष)

**बिम्सटेक – बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल**
क्षेत्रीय संगठन

**Answer: d) नई दिल्ली New Delhi**

भारत **16 जुलाई 2026** को नई दिल्ली में पाँचवीं बिम्सटेक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक **(5th BIMSTEC National Security Advisers' Meeting)** की मेजबानी कर रहा है।

इस बैठक की अध्यक्षता भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार **(National Security Adviser – NSA)** अजीत डोभाल कर रहे हैं।

बैठक में आतंकवाद-रोधी सहयोग **(Counter-Terrorism),** खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान **(Intelligence**

**Sharing)**, सीमा-पार खतरों **(Cross-border Threats)** से निपटने के लिए समन्वित प्रयास तथा समुद्री सुरक्षा **(Maritime Security)** जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

इस बैठक में बांग्लादेश **(Bangladesh)**, भूटान **(Bhutan)**, भारत, म्यांमार **(Myanmar)**, नेपाल **(Nepal)**, श्रीलंका **(Sri Lanka)** और थाईलैंड **(Thailand)** के प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहे हैं।

वर्तमान बिम्सटेक अध्यक्ष **(BIMSTEC Chair)** बांग्लादेश की ओर से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री के रक्षा

सलाहकार **(Prime Minister's Defence Adviser)** ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. ए.के.एम. शम्सुल इस्लाम **(Brig. Gen. (Retd.) Dr. A.K.M. Shamsul Islam)** कर रहे हैं।

बिम्सटेक **(BIMSTEC – Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral Technical and Economic Cooperation)** एक क्षेत्रीय संगठन **(Regional Organisation)** है। इसका उद्देश्य बहु**-**क्षेत्रीय तकनीकी **(Multi-Sectoral Technical)** और आर्थिक सहयोग **(Economic Cooperation)** को बढ़ावा देना है।

**Q. 16:** हाल ही में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने नाशिक नगर निगम को कितनी प्रोत्साहन राशि प्रदान की है? **How much incentive has the Union Ministry of Housing and Urban Affairs recently provided to the Nashik Municipal Corporation?**

a) ₹20 करोड़ ₹20 crore

b) ₹22 करोड़ ₹22 crore

c) ₹26 करोड़ ₹26 crore

d) ₹30 करोड़ ₹30 crore


MoHUA
क्लीन गोदावरी बॉन्ड - ₹200 करोड़ जुटाए गए
नासिक नगर निगम को केंद्र सरकार की नगरपालिका बॉन्ड प्रोत्साहन योजना के तहत ₹26 करोड़ की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत
NSE
प्रमुख तथ्य (Key Facts):
जारीकर्ता: नासिक नगर निगम (NMC)
राशि: ₹200 करोड़ (क्लीन गोदावरी बॉन्ड)
प्रोत्साहन राशि: ₹26 करोड़ (लगभग 13% जुटाए गए पूंजी का)
कूपन दर: 7.8%
अवधि: 5 वर्ष
सूचीबद्ध: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE)
₹26 करोड़
गोदावरी संरक्षण
NSE

**Answer: c) ₹26 करोड़ ₹26 crore**

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय **(MoHUA)** ने **14 जुलाई 2026** को नाशिक नगर निगम **(Nashik Municipal Corporation – NMC)** को **₹26** करोड़ की प्रोत्साहन राशि **(Incentive)** मंजूर की। यह राशि क्लीन गोदावरी बॉन्ड **(Clean Godavari Bond)** के माध्यम से **₹200** करोड़ सफलतापूर्वक जुटाने पर प्रदान की गई है।

यह प्रोत्साहन राशि केंद्र सरकार की नगरपालिका बॉन्ड प्रोत्साहन योजना **(Municipal Bond Promotion**

**Scheme)** के तहत स्वीकृत की गई है। यह राशि जुटाई गई **कुल पूंजी का लगभग 13%** है।

**₹200** करोड़ के क्लीन गोदावरी बॉन्ड **(Clean Godavari Bonds)** पर **7.8%** कूपन दर तथा **5** वर्ष की अवधि निर्धारित की गई है। इन बॉन्डों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज **(National Stock Exchange – NSE)** में सूचीबद्ध किया गया है।

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण
करेंट अफेयर्स
WITH STATIC G.K
अलार्म वाली क्लास



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण

करेंट अफेयर्स WITH STATIC G.K

अलार्म वाली क्लास

# RWA App से Book कैसे Purchase करें ?



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण
करेंट अफेयर्स
WITH STATIC G.K
अलार्म वाली क्लास

# जुलाई के महत्वपूर्ण दिवस

| |
|---|
| राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस - 1 जुलाई<br>**National Doctors' Day - July 1** |
| राष्ट्रीय चार्टर्ड एकाउंटेंट (CA) दिवस - 1 जुलाई<br>**National Chartered Accountant (CA) Day - July 1** |
| एस.बी.आई. (SBI) स्थापना दिवस - 1 जुलाई<br>**SBI Foundation Day - July 1** |
| जी.एस.टी. (GST) दिवस - 1 जुलाई |

| |
|---|
| **GST Day - 1 July** |
| विश्व जनसख्या दिवस - **11** जुलाइ<br>**World Population Day - 11 July** |
| विश्व युवा कौशल दिवस - **15** जुलाइ<br>**World Youth Skills Day - 15 July** |
| अतराष्ट्रीय आपराधिक न्याय दिवस - **17** जुलाइ<br>**International Criminal Justice Day - July 17** |
| नेल्सन मडेला अतराष्ट्रीय दिवस - **18** जुलाइ |

| |
|---|
| **Nelson Mandela International Day - 18 July** |
| अतराष्ट्रीय शतरज दिवस - **20** जुलाइ<br>**International Chess Day - July 20** |
| विश्व मस्तिष्क दिवस - **22** जुलाइ<br>**World Brain Day - July 22** |
| कारगिल विजय दिवस - **26** जुलाइ<br>**Kargil Vijay Diwas - 26 July** |
| विश्व हेपेटाइटिस दिवस - **28** जुलाइ |

| |
|---|
| **World Hepatitis Day - 28 July** |
| विश्व प्रकृति सरक्षण दिवस - **28** जुलाइ<br>**World Nature Conservation Day - July 28** |
| विश्व बाघ दिवस - **29** जुलाइ<br>**World Tiger Day - July 29** |
| अतराष्ट्रीय मित्रता दिवस - **30** जुलाइ<br>**International Friendship Day - July 30** |

# भारतीय संविधान : अनुच्छेद The Indian Constitution: Articles

| अनुच्छेद (Article) | विवरण (Description) |
| --- | --- |
| अनुच्छेद - 343<br>Article - 343 | सघ को राजभाषा<br>Official Language of the Union |
| अनुच्छेद 243A से O | ग्राम पचायत<br>Gram Panchayat |

| | |
|---|---|
| **Articles 243A to O** | |
| अनुच्छेद 352<br>**Article 352** | राष्ट्रीय आपातकाल।<br>**National Emergency.** |
| अनुच्छेद 356<br>**Article 356** | राष्ट्रपति शासन (संवैधानिक तन्त्र विफल होने पर)।<br>**President's Rule (in the event of the failure of constitutional machinery).** |

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद **360**<br>**Article 360** | वित्तीय आपातकाल।<br>**Financial emergency.** |
| अनुच्छेद **368**<br>**Article 368** | संविधान संशोधन।<br>**Constitutional amendment.** |

| पुस्तक का नाम / Book Name | लेखक / Author |
| --- | --- |
| 20 Years Of G20 | रजत कथूरिया, प्रतीक कुकरेजा<br>Rajat Kathuria, Prateek Kukreja |
| मुझे पहचानो<br>Recognize me | संजीव<br>Sanjeev |
| G20@2023 | वी. श्रीनिवास<br>V. Srinivas |

| | |
|---|---|
| राज के खिलाफ़ बागी<br>**Rebels Against The Raj** | रामचन्द्र गुहा<br>**Ramachandra Guha** |
| टाइम शेल्टर<br>**Time's Refuge** | जॉर्जी गोस्पोडिनोव<br>**Georgi Gospodinov** |
| जेबा: एन एक्सीडेंटल सुपरहीरो<br>**Zeba: An Accidental Superhero** | हुमा कुरैशी<br>**Huma Qureshi** |
| **Fire On The Ganges** | राधिका आयगर |

| | |
|---|---|
| गगा पर आग | Radhika Iyengar |
| कारगिल: एक यात्री की जुबानी<br>Kargil: A Traveler's Account | ऋषि राज<br>Rishi Raj |

## Computer

### Full Forms

| | |
|---|---|
| UN: | United Nations (सयुक्त राष्ट्र) |
| WHO | World Health Organization (विश्व स्वास्थ्य संगठन) |

| | |
|---|---|
| UNESCO | United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization |
| IMF | International Monetary Fund (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष) |
| WTO | World Trade Organization (विश्व व्यापार संगठन) |

# One Liner Revision
# 05 MAY 2026

**1.** हाल ही में किस देश के राष्ट्रपति टो लैम भारत यात्रा पर आए हैं? वियतनाम

The President of which country, To Lam, recently visited India? **Vietnam**

**2.** हाल ही में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस **2026** कब मनाया गया? **3 मई**

When was World Press Freedom Day 2026 observed recently? **3 May**

**3.** हाल ही में जारी **2026** विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत ने कौन सा स्थान हासिल किया है? **157th**

**What rank has India secured in the recently released 2026 World Press Freedom Index?** **157th**

**4.** हाल ही में पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड किसने बनाया है? कुलदीप कुमार

**Who recently set a national record in the men's pole vault event? Kuldeep Kumar**

**5.** हाल ही में लगातार पाँच एटीपी मास्टर्स **1000** इवेंट जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी कौन बने हैं? जैनिक सिनर

**Who recently became the first male player to win five consecutive ATP Masters 1000 events? Jannik Sinner**

**6.** हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रौद्योगिकी संगोष्ठी का उद्घाटन कहाँ किया है? प्रयागराज

**Where did Defence Minister Rajnath Singh recently inaugurate the North Tech Symposium? Prayagraj**

**7.** हाल ही मे **QS** एक्जीक्यूटिव **MBA** रैंकिंग **2026** मे वैश्विक शीर्ष **100** में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय संस्थान कौन सा है**? IM** बैंगलोर

**Which is the only Indian institute to feature in the global top 100 in the recently released QS Executive MBA Rankings 2026? IIM Bangalore**

**8.** हाल ही में भारत को किस देश की विशेष **301** रिपोर्ट में प्राथमिकता निगरानी सूची में रखा गया है**?** संयुक्त राज्य अमेरिका

In which country's Special 301 Report has India recently been placed on the Priority Watch List? **USA**

**9.** हाल ही में वार्षिक महुआ फूल महोत्सव **2026** कहाँ मनाया गया है? तेलंगाना

Where was the annual Mahua Flower Festival 2026 recently celebrated? **Telangana**

**10.** हाल ही में किस देश ने होर्मुज जलसंधि में प्रोजेक्ट फ्रीडम लॉन्च किया है? संयुक्त राज्य अमेरिका

Which country recently launched 'Project Freedom' in the Strait of Hormuz? **USA**

**11.** हाल ही में भारत ने किसके द्वारा निर्मित लंबी दूरी की हाइपरसॉनिक एंटी-शिप मिसाइल **(LR-AShM)** का उड़ान परीक्षण किया है? रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन

India recently conducted a flight test of a long-range hypersonic anti-ship missile (LR-AShM) developed by which organization? **Defence Research and Development Organisation (DRDO)**

**12.** हाल ही में किसने एशिया-प्रशांत के लिए **70** अरब डॉलर की कनेक्टिविटी योजना का अनावरण किया है? एशियाई विकास बैंक

**Who recently unveiled a $70 billion connectivity plan for the Asia-Pacific region?**
**Asian Development Bank**

**13:** हाल ही में भारत के पहले मोती पालन क्लस्टर के रूप में किसे नामित किया गया है? हजारीबाग

Which location was recently designated as India's first pearl farming cluster? **Hazaribagh**

**14:** हाल ही में किसकी जन्म शताब्दी को चिह्नित करने के लिए इंडिया पोस्ट ने एक विशेष मोहरात्मक श्रद्धांजलि का अनावरण किया है? मारियो मिरांडा

Whose birth centenary did India Post recently commemorate by unveiling a special philatelic tribute? **Mario Miranda**

**15:** हाल ही मे सैविल्स के ग्रोथ हब्स इंडेक्स मे **2035** तक दुनिया का सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला बड़ा शहर कौन सा बना है? बेंगलुरु

**According to Savills' Growth Hubs Index, which city has recently emerged as the world's fastest-growing major city projected through 2035? Bengaluru**

**16:** हाल ही में भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने थॉमस कप **2026** में कौन सा पदक जीता है?कांस्य पदक

Which medal did the Indian men's badminton team recently win at the 2026 Thomas Cup? **Bronze Medal**

**17:** हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 किसने जीता है? भारतीय जनता पार्टी

Who recently won the 2026 West Bengal Assembly Elections? **Bharatiya Janata Party**

# 16 JULY 2026 Revision

**Q.1:** हाल ही में देश की पहली 'स्पेस एक्सप्लोरेशन गैलरी' (अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा) का उद्घाटन कहाँ किया गया है?

Where has India's first 'Space Exploration Gallery' been inaugurated recently?

a) बेंगलुरु Bengaluru

b) हैदराबाद Hyderabad

c) अहमदाबाद Ahmedabad

d) भोपाल Bhopal

Q. 2: हाल ही में 'द वॉयस ऑफ जस्टिस: जस्टिस गवई स्पीकस' का विमोचन किसने किया है? Who has

recently released the book 'The Voice of Justice: Justice Gavai Speaks'?

a) द्रौपदी मुर्मू Droupadi Murmu

b) नरेंद्र मोदी Narendra Modi

c) सी. पी. राधाकृष्णन C. P. Radhakrishnan

d) बी. आर. गवई B. R. Gawai

Q. 3: हाल ही में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'सौश्रुतम् 2026' का उद्घाटन किसने किया है? Who has recently

inaugurated the international seminar 'Soushrutam 2026'?

a) जे. पी. नड्डा J P Nadda

b) द्रौपदी मुर्मू Droupadi Murmu

c) अमित शाह Amit Shah

d) जगदीप धनखड़ Jagdeep Dhankhar

Q. 4: हाल ही मे पुरातत्वविदो ने करीब 3,000 साल पुराना मकबरा कहाँ खोजा है? Where have archaeologists recently discovered a nearly 3,000-year-old tomb?

a) इटली Italy
b) ग्रीस Greece
c) मिस्र Egypt
d) तुर्की Türkiye

**Q. 5:** हाल ही में दुबारा खोजा गया **"सियानैंथस हूकेरी"** क्या है? **What is the recently rediscovered "Cyananthus hookeri"?**

a) दुर्लभ हिमालयी पुष्प **Rare Himalayan flower**

b) दुर्लभ पक्षी **Rare bird**

c) औषधीय पौधा **Medicinal plant**

d) पर्वतीय तितली **Mountain butterfly**

**Q. 6:** सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष रोस्टर लागू किया गया है। सही कथन चुनिए। **A special roster has been introduced in the Supreme Court for the speedy disposal of long-pending cases. Choose the correct statement.**

**a)** इसके तहत चार विशेष पीठों का गठन किया गया है। **Four special benches have been constituted under it.**

**b)** इसके तहत दो विशेष पीठों का गठन किया गया है। **Two special benches have been constituted under it.**

**c)** इसके तहत छह विशेष पीठों का गठन किया गया है। **Six special benches have been constituted under it.**

d) इसके तहत आठ विशेष पीठों का गठन किया गया है। **Eight special benches have been constituted under it.**

**Q. 7:** हाल ही में विश्व युवा कौशल दिवस **2026** कब मनाया गया है? **When was World Youth Skills Day 2026 observed?**

a) **15** जुलाई **15 July**

b) **13** जुलाई **13 July**

c) **14** जुलाई **14 July**

d) 16 जुलाई 16 July

Q. 8: हाल ही में जियो प्लेटफॉर्म्स का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किसे नियुक्त किया गया है? Who has recently been appointed as the new Chief Executive Officer (CEO) of Jio Platforms?

a) पंकज पवार Pankaj Pawar

b) आकाश अबानी **Akash Ambani**

c) संदीप दास **Sandeep Das**

d) किरण थॉमस **Kiran Thomas**

**Q. 9:** हाल ही मे पहनने योग्य अमोनिया सेंसर कहाँ विकसित किया गया है? **Where has a wearable ammonia sensor been developed recently?**

**a)** नैनो एवं सॉफ्ट मैटर विज्ञान केंद्र **Centre for Nano and Soft Matter Sciences (CeNS)**

**b)** भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु **Indian Institute of Science, Bengaluru**

**c)** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास **Indian Institute of Technology Madras**

**d)** वैज्ञानिक एव औद्योगिक अनुसधान परिषद **Council of Scientific and Industrial Research (CSIR)**

**Q. 10:** हाल ही में किस राज्य सरकार ने वित्तीय लेखा परीक्षा के डिजिटलीकरण के लिए 'दृष्टि' प्लेटफ़ॉर्म शुरू किया है? **Which state government has recently launched the 'Drishti' platform for the digitalization of financial audits?**

a) महाराष्ट्र **Maharashtra**

b) तेलंगाना **Telangana**

c) तमिलनाडु **Tamil Nadu**

d) मध्य प्रदेश **Madhya Pradesh**

Q. 11: हाल ही में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पश्चिम एशिया के संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों के लिए कौन-सी पहल शुरू की है? Which initiative has Union Minister Sarbananda Sonowal launched for conflict-affected regions in West Asia?

a) सागर सुरक्षा पहल Sagar Suraksha Initiative

b) सीफेयरर-फर्स्ट पहल Seafarer-First Initiative

c) नाविक कल्याण पहल Seafarer Welfare Initiative

d) समुद्र मित्र पहल Samudra Mitra Initiative

**Q. 12:** हाल ही मे **31वे दिव्य कला मेला** का उद्घाटन कहाँ किया गया है? **Where was the 31st Divya Kala Mela inaugurated recently?**

**a)** नई दिल्ली **New Delhi**
**b)** मुंबई **Mumbai**
**c)** चेन्नई **Chennai**
**d)** कोलकाता **Kolkata**

**Q. 13:** हाल ही मे कोडेक्स एलीमेंटेरियस आयोग (CAC) के 49वें सत्र का आयोजन कहाँ किया गया है? **Where was the 49th session of the Codex Alimentarius Commission (CAC) held recently?**

a) पेरिस **Paris**
b) रोम **Rome**
c) जिनेवा **Geneva**
d) वियना **Vienna**

**Q. 14:** हाल ही में 'फॉर्च्यून इंडिया एमपीडब्ल्यू पुरस्कार' से किसे सम्मानित किया गया है? **Who has recently been honored with the Fortune India MPW (Most Powerful Women) Award?**

a) किरण मजूमदार-शॉ **Kiran Mazumdar-Shaw**
b) फाल्गुनी नायर **Falguni Nayar**
c) नीता अंबानी **Nita Ambani**
d) रोशनी नाडर **Roshni Nadar**

**Q. 15:** हाल ही में पाँचवीं बिम्सटेक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक कहाँ आयोजित की जाएगी? **Where will the 5th BIMSTEC National Security Advisers' Meeting be held?**

a) ढाका **Dhaka**
b) नई दिल्ली **New Delhi**
c) कोलंबो **Colombo**
d) काठमांडू **Kathmandu**

**Q. 16:** हाल ही में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने नाशिक नगर निगम को कितनी प्रोत्साहन राशि प्रदान की है? **How much incentive has the Union Ministry of Housing and Urban Affairs recently provided to the Nashik Municipal Corporation?**

a) ₹26 करोड़ ₹26 crore

b) ₹22 करोड़ ₹22 crore

c) ₹16 करोड़ ₹16 crore

d) ₹30 करोड़ ₹30 crore

## Home Work Question

**Q.** किस देश के संविधान से भारतीय संविधान के वित्तीय आपात काल से संबंधित प्रावधान लिए गए हैं? **From the constitution of which country have the provisions related to the Financial Emergency in the Indian Constitution been adopted?**

**a.** कनाडाई संविधान **Canadian Constitution**

**b.** अमेरिकी संविधान **American Constitution**

**c.** आयरलैंड का संविधान **Constitution of Ireland**

**d.** जर्मनी का संविधान **Constitution of Germany**



@RWACURRENTAFFAIRS


THANK YOU!